पत्रांक–भवन/मु0अभि0(प0)योप्राक् 1–08/2024 ....61 (भ)..../पटना, दिनांक–....10/7/26....

# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

राजेश कुमार सिंह,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं हक0)
वीरचंद्र पटेल पथ, पटना।

विषयः– Installation of Guard Shed (South-East Corner Gate) in Senior Officer's residence in Shastri Nagar, Patna for the Year-2025-26 कार्य हेतु **₹2,13,906/–** एवं Installation of Guard Shed (North Gate) in Senior Officer's residence in Shastri Nagar, Patna for the Year-2025-26 कार्य हेतु **₹2,16,109/– अर्थात् कुल ₹4,30,015/–(चार लाख तीस हजार पन्द्रह रूपये)** मात्र का वित्तीय वर्ष **2026–27** में व्यय की स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार, विषयांकित कार्य हेतु विभागीय प्रशासनिक स्वीकृत्यादेश संख्या–277(भ), दिनांक–10.12.2025 द्वारा वित्तीय वर्ष **2025–26** में कुल **₹ 74,69,200/–(चौहत्तर लाख उनहत्तर हजार दो सौ रूपये)** मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया था।

2. उक्त कार्य हेतु राशि का उपबंध "मांग संख्या–03 के मुख्य शीर्ष–4216–आवास पर पूँजीगत परिव्यय, उपमुख्यशीर्ष–01–सरकारी रिहायशी भवन लघुशीर्ष–700–अन्य आवास उपशीर्ष–0003–लोक निर्माण मतदेय–विपत्र कोड–**03–4216017000003** के विषयशीर्ष–53–मुख्य निर्माण कार्य–0003.53.01–मुख्य निर्माण कार्य" के अन्तर्गत विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के तहत वित्तीय वर्ष **2025–26** के लिए किया गया था।

3. उक्त कार्य हेतु अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना के पत्रांक–762 अनु0, दिनांक–15.06.2026 एवं पत्रांक–763 अनु0, दिनांक–15.06.2026 से प्राप्त अधियाचना के आलोक में विषयांकित कार्य हेतु क्रमशः **₹2,13,906/– एवं ₹2,16,109/– अर्थात् कुल ₹4,30,015/–(चार लाख तीस हजार पन्द्रह रूपये)** मात्र का व्यय उसी बजट शीर्ष के तहत वर्त्तमान वित्तीय वर्ष **2026–27** में उपबंधित राशि से किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, **कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर पटना** होंगे।

5. इस राशि की निकासी सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना से की जायेगी। निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का यह दायित्व होगा कि वे राशि के व्यय के पूर्व एजेन्सी द्वारा इस कार्य के संबंध में संतुष्ट होकर नियमानुसार भुगतान करेंगे।

6. प्रस्ताव में विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

7. प्रारुप पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

10/7/26
(राजेश कुमार सिंह)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक– 61 (भ) पटना, दिनांक– 10/7/26

प्रतिलिपि–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/7/26
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांक– 61 (भ) पटना, दिनांक– 10/7/26

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/मुख्य अभियंता (पटना)/निदेशक अनुश्रवण/अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिक/अधीक्षण अभियंता, पटना भवन अंचल, पटना/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार/उप निदेशक–1 एवं 2 अनुश्रवण/कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम भवन प्रमंडल, दानापुर, पटना/बजट पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी (बजट)/आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/7/26
सरकार के अपर सचिव